# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
# कार्यपत्रक (2026-27)

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 6

**कक्षा: चौथी** **विषय: हिंदी** **माह: सितंबर** **अंक: 40**

**दिया गया पाठ्यक्रम: ओणम के रंग**

विद्यार्थी का नाम: ____________________________________________

अनुक्रमांक.____ कक्षा/अनुभाग:_____ दिनांक: ________

---

**पठन (१०)**

- पठित गद्यांश को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें। (५)

एक दिन महाविष्णु, वामन का रूप धारण करके राजा महाबली के पास पहुँचे और तीन पग भूमि की याचना की। महाबली ने इस तुच्छ दान की तुरंत स्वीकृति दे दी। महाविष्णु ने तत्काल अपना वामन रूप त्याग दिया और त्रिविक्रम बनकर ब्रह्मांड तक फैल गए। उन्होंने दो पगों से स्वर्ग, भूमि और पाताल को नाप लिया और उनके तीसरा पग रखने के लिए कोई जगह शेष नहीं बची। इस पर उन्होंने महाबली की ओर प्रश्नात्मक दृष्टि से देखा तो महाबली ने महाविष्णु का तीसरा पग रखने के लिए अपना सिर झुका दिया।

प्र.१ महाविष्णु ने किसका रूप धारण किया ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

प्र.२ महाविष्णु त्रिविक्रम बनकर कहाँ तक फैल गये ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

प्र.3. महाबली ने महाविष्णु का तीसरा पग रखने के लिए क्या किया ?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

प्र.४ नीचे दिए गए शब्दों के समानअर्थ वाले शब्द लिखें।

१) पग- __________ २) त्रिविक्रम - __________

- अपठित गद्यांश को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखें। (५)

दशहरा हमारे देश का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है। यह त्योहार आश्विन महीने की शुक्ल पक्ष की दशमी को पूरे भारतवर्ष में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन भगवान राम ने लंका के राजा रावण का वध करके बुराई पर अच्छाई की जीत प्राप्त की थी। इस दिन जगह-जगह रामलीलाओं का आयोजन होता है और रावण, मेघनाथ तथा कुंभकरण के बड़े-बड़े पुतले बनाकर उन्हें जलाया जाता है। इस त्योहार से हमें यह सीख मिलती है कि हमें हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए।

प्र.१ दशहरा का त्योहार किस महीने में मनाया जाता है?

______________________________________________

______________________________________________

प्र.२ इस दिन भगवान राम ने किसका वध किया था?

______________________________________________

______________________________________________

प्र.३ रावण के साथ-साथ किन दो और राक्षसों के पुतले जलाए जाते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

प्र.४ यह त्योहार हमें क्या सीख देता है?

______________________________________________

______________________________________________

प्र.५ नीचे दिए शब्द का विपरीत शब्द लिखे।

अच्छाई:- _________

**पाठ्य प्रश्न (5)**

प्र.१ ओणम का त्योहार कब मनाया जाता है ?

______________________________________________

______________________________________________

प्र.२ महाबली ने वामन से कौन सा वरदान माँगा ?

______________________________________________

______________________________________________

प्र.3.  ओणम के भोज में कौन-कौन से भोज्य पदार्थ बनाए जाते हैं ?

_______________________________________________

_______________________________________________

प्र.४. ओणम का त्योहार किस पौराणिक कथा पर आधारित है?

_______________________________________________

_______________________________________________

प्र.५. त्योहार वाले दिन आप क्या क्या करते है?

_______________________________________________

_______________________________________________

**रचनात्मक लेखन (5)**

१) ओणम के त्योहार के बारें में तीन वाक्य लिखें।                    (३)

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

२) आपको कौन सा त्योहार, सबसे अधिक अच्छा लगता है और क्यों? (२)

_______________________________________________

_______________________________________________

**व्याकरण (७)**

**अ) नीचे दिए गए वाक्यों में विशेषता वाले शब्द लिखें।                (५)**

१) रंग-बिरंगे फूल चुनें। ____________________

२) ठंडी-ठंडी तेज हवाएँ। ____________________

३) उँचे उँचे दीपदान जलाकर रखें जाते हैं। ____________________

४) सुंदर लोकगीत लोगों के होंठो पर रहता है। ____________________

५) स्वच्छ जल वातावरण को सुंदर बना देता है। ____________________

**आ) शब्दों के समान अर्थ लिखें।                              (२)**

१) सह्य  = __________

२) याचना = __________

## शब्दावली (५)

अ) शब्दों को सही क्रम में लिखें। (३)

१) ब ली हा म :- ____________________

२) न्मु आ र ला :- ____________________

३) क त लो गी :- ____________________

आ) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें। (२)

१) स्वीकार :- ____________________

२) ब्रह्मांड :- ____________________

## वर्तनी (५)

अ) शुद्ध शब्द पर गोला बनाईये। (२)

१) पककलम पूलकम पुक्कलम

२) पौराणिक पौराणक पाराणिक

आ) नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ। (३)

१) चमकना:- ______________________________

२) मंडराना:- ______________________________

३) थमना:- ______________________________

## सुलेख (३)

मेरा जन्म हिमालय की गोद में हुआ था। नन्ही-सी धारा के रूप में मैं उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में स्थित गंगोत्री हिमनद के उस स्थान से निकली जिसे गोमुख कहते हैं। गोमुख से थोड़ा नीचे गंगोत्री में मेरा भव्य मंदिर है जहाँ देशभर से तीर्थयात्री आते हैं। राजा भगीरथ ने इसी स्थान पर तपस्या की थी इसलिए मेरा नाम भागीरथी भी है।

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________